मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना को मिला राष्ट्रीय स्तर का स्कॉच सिल्वर अवार्ड

चर्चा में क्यों?

28 अक्टूबर, 2022 को छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण के अंतर्गत संचालित 'मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना' को गुणवत्तायुक्त एवं रोज़गार आधारित नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये राष्ट्रीय स्तर के स्कॉच सिल्वर अवार्ड-2022 से सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- देश में सबसे कम बेरोज़गारी दर वाले राज्य का गौरव हासिल करने वाले छत्तीसगढ़ राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर इस गौरवपूर्ण सम्मान से नवाजा गया है।
- छत्तीसगढ़ के युवाओं को बेहतर कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा युवाओं को उनकी रुचि अनुसार गुणवतायुक्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण पाकर युवा लगातार सरकारी और गैर-सरकारी विभागों में नौकरी पाने के साथ ही स्वरोज़गार को अपना रहे हैं।
- गौरतलब है कि मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत अब तक 4 लाख 68 हज़ार 184 युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से 2 लाख 55 हज़ार 678 युवाओं को नियोजित किया गया है। वर्तमान में 2726 युवा प्रशिक्षणरत् हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mukhyamantri-kaushal-vikas-yojana-gets-national-level-scotch-silver-award